Reg. No. 40/LC Dated 18-06-1987 RUCBF
**THE RAJASTHAN URBAN COOPERATIVE BANKS' FEDERATION LIMITED**
**32/131, Swaran Path, Shipra Path, Man Sarovar, Jaipur-302020**
Tele. 0141-2394726, Email: rafcubf@gmail.com, Website: www.rajucbfed.org.in
**Mohan Parashar** **Satish Sareen**
Chairman Vice Chairman
+91-9828523296 +91- 9636070000

# राजस्थान राज्य में अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की स्थिति

राजस्थान राज्य में अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का प्रादुर्भाव स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व ही हो गया था। 1925 में रेल्वे श्रमिक सहकारी बैंक, बीकानेर का रजिस्ट्रेशन 1 जुलाई, 1925 को हुआ। इसके बाद 1945 में जयपुर स्थित रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक लि. द्वारा कार्य प्रारम्भ किया गया। इसके बाद जयपुर में ही गोलछा परिवार द्वारा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की स्थापना की गई जो अप्रेल, 1959 से कार्यरत है। 1990 से 2000 तक का काल राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के इतिहास का उत्कर्ष काल था जिसमें 10 नये बैंक स्थापित हुए एवं बैंकों की संख्या बढ़ कर 41 हो गई। चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक अंतिम रजिस्टर्ड बैंक है जो 11 नवंबर, 1999 को रजिस्टर्ड हुआ, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 09.10.2000 को लाईसेंस जारी किया गया एवं इस बैंक ने 15 मई, 2001 से कार्य प्रारम्भ किया। आज की तिथि में 6 बैंक क्रमशः अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा महिला, श्रीगंगानगर, लोक विकास जयपुर एवं वैशाली अरबन बैंक जयपुर के अवसायन में होने के कारण 35 अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स कार्यरत हैं।

समग्र रूप से इन बैंकों की 31 मार्च, 2023 की अनुमानित स्थिति पर 230 शाखाएं हैं। इन बैंकों में से 3 बैंके रेल्वे सैलेरी अर्नर सहकारी बैंकें हैं एवं 5 बैंक महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की श्रेणी में आती हैं। आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक एवं फिनग्रोथ को–ऑपरेटिव बैंक 2 ऐसे बैंक हैं जो मल्टीस्टेट को–ऑपरेटिव एक्ट में रजिस्टर्ड हैं। इसके अतिरिक्त 2 रेल्वे एम्पलाईज बैंकों का कार्यक्षेत्र भी राजस्थान राज्य से बाहर है। इन बैंकों में से 6 बैंक ऐसे हैं जो यूनिट बैंक हैं अर्थात जिनकी एक ही शाखा है। इन 35 बैंकों में व्यवसाय एवं शाखाओं की दृष्टि से आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक सबसे बड़ा

बैंक है तथा इसके साथ रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक जयपुर, उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक एवं कोटा नागरिक बैंक बड़े बैंकों में हैं जिनका व्यवसाय रू. 1000 करोड़ से अधिक है। व्यवसाय की दृष्टि से 2 बैंके छोटी बैंकों की श्रेणी में आती हैं जिनका व्यवसाय रू. 50 करोड़ से कम है।

समग्र रूप से बैंकों की 31.3.2023 अनुमानित स्थिति अग्रानुसार हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कुल बैंकों की संख्या | 35 |
| 2. | कुल शाखाओं की संख्या | 230 |
| 3. | कुल सदस्यों की संख्या | 4.57 लाख |
| 4. | हिस्सा पूंजी | 274.00 करोड़ |
| 5. | अमानतें | 8200.00 करोड़ |
| 6. | ऋण बकाया | 4510.00 करोड़ |
| 7. | कार्यशील पूंजी | 9900.00 करोड़ |
| 8. | शुद्ध लाभ | 44.51 करोड़ |

राज्य के अरबन बैंक निरंतर गतिमान हैं तथा अल्प वेतनभोगी एवं सेवानिवृत लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। इन बैंकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रतिस्पर्द्धा के इस युग में नवीनतम सूचना तकनीकी को अपनाते हुए ग्राहकों तक ये सुविधाएं प्रदान करना है। राज्य की सभी अरबन बैंकें कम्प्यूटराईज्ड एवं सीबीएस इनेबल्ड हैं। 7 बैंकों द्वारा एटीएम सुविधा प्रदान की जा रही है। स्टर्लिंग एवं सुमेरपुर मर्कैंटाईल अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के अलावा सभी बैंकों में निर्वाचित संचालक मण्डल कार्यरत है। भारतीय रिजर्वबैंक के निर्देशानुसार 100 करोड़ रूपये से अधिक अमानतों वाले बैंकों में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट भी कार्यरत है जो उच्च प्रबंधन को उनकी राय से अवगत कराते हैं।

ये सभी बैंकें भारतीय रिजर्व बैंक एवं सहकारी विभाग के अधीनस्थ हैं एवं उनके निर्देशानुसार कार्य करते हैं। क्षेत्रीय कार्यालय भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के स्तर पर स्थानीय टेफकब समिति भी भारतीय रिजर्व बैंक एवं राज्य सरकार के मध्य 6 सितम्बर, 2006 को हुए एम.ओ.यू. अंतर्गत गठित है जिसकी नियमित बैठकें हो रही है तथा इनमें स व द में वर्गीकृत बैंकों व सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेम के बैंकों का रिव्यू होता है।

**विशेषताएंः**

- राज्य के अरबन को–ऑप. बैंक सहकारी अधिनियम अंतर्गत रजिस्टर्ड सहकारी संस्थाएं हैं। ये सभी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लाइसेंस प्रदत्त हैं।
- ये सभी बैंक सीबीएस इनेबल्ड हैं।
- कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अतिरिक्त किसी भी अरबन को–ऑप. बैंक में राजकीय हिस्सेदारी विनियोजित नहीं है।
- इन सभी बैंकों का कार्यक्षेत्र सीमित है जो शहरों /कस्बों तक सिमटा हुआ है तथा कार्यक्षेत्र के स्थानीय लोग ही इनके सदस्य हैं।
- इन बैंकों का प्रबन्धन पूर्णतः सदस्यों में से चुने हुए प्रबन्धकारिणी के सदस्यों में निहित है।
- स्थानीय बैंक होने के कारण कार्यक्षेत्र के निवासियों के मध्य इन बैंकों की अच्छी पैठ है।
- लघु उद्यमियों एवं स्थानीय निवासियों को उनकी आवश्यकतानुसार छोटी–छोटी राशियों में ऋण वितरण कराना इनकी प्राथमिकता है।
- राष्ट्रीयकृत सरकारी बैंकों की तुलना में इन बैंकों का एनपीए कम है।

**समस्याएं :**

- इन बैंकों बैंकिंग सहायक एवं डी श्रेणी के अधिकारी के पद सीधी भर्ती द्वारा भरे जाते हैं। राज्य के सहकारी अधिनियम एवं नियमों के अनुसार इन बैंकों में सीधी भर्ती राजस्थान राज्य सहकारी भर्ती मंडल के माध्यम से होनी है परंतु इन बैंकों के लिये जारी सर्विस रूल्स में वांछित संशोधन नहीं होने के कारण विरोधाभास की

स्थिति बनी हुई है एवं सीधी भर्ती नहीं हो पा रही है जो बैंकिंग जैसी संस्था के लिये उचित नहीं है।

- राज्य के सभी बैंक सीबीएस सिस्टम पर कार्यरत हैं, साईबर सिक्यूरिटी पहलू के दृष्टिगत सभी बैंकों में दक्ष आई टी क्षेत्र के अधिकारी के एक पद की सैद्धांतिक स्वीकृति रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां कार्यालय द्वारा जारी की हुई है परंतु इस पद की शैक्षणिक योग्यता एवं भर्ती की प्रक्रिया आदेश जारी नहीं किये जाने के कारण ये पद रिक्त ही चल रहे हैं। साईबर अटैक की बढ़ती हुई घटनाओं के मध्येनजर त्वरित कार्यवाही निवेदित है।

**फैडरेशन**

तत्समय बैंकों के एक संघ की आवश्यकता के मध्येनजर तत्कालीन राजस्थान सहकारी अधिनियम 1965 के अंतर्गत दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि. जयपुर का पंजीयन 18 जून, 1987 को हुआ । रजिस्ट्रार के आदेश दिनांक 24–7–1995 से फैडरेशन अवसायन में चला गया जो उन्हीं के आदेश दिनांक 27–3–1998 से पुनर्जीवित हुआ, इस प्रकार इन सभी बैंकों का राज्य स्तरीय फैडरेशन शीर्ष संस्था के रूप में कार्यरत है। सभी बैंकें इसके सदस्य हैं। इसका प्रबन्धन निर्वाचित संचालक मण्डल द्वारा किया जाता है। **फैडरेशन के चुनाव 1 व 2 सितंबर, 2023 को सम्पन्न हुए हैं जिसमें पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट श्री मोहन पाराशर, जो जालौर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष हैं, फैडरेशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इण्टीग्रल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री सतीश सरीन फैडरेशन के उपाध्यक्ष हैं।**

फैडरेशन का मुख्य कार्य इन सभी बैंकों को साथ लेकर चलना एवं भारतीय रिजर्व बैंक तथा सहकारी विभाग से लगातार सम्पर्क बनाये रख कर समस्याओं का निराकरण करना है। फैडरेशन की अपनी वेबसाईट (www.rajucbfed.org.in) है जिसे सदैव अपडेट रखा जाता है। इस वेबसाईट के माध्यम से वेबलिंक की सुविधा भी उपलब्ध करवाई हुई है। फैडरेशन का मासिक समाचार–पत्र ''सृजन'' भी प्रकाशित होता है।

31–3–2023 की बैंक वार सूचना संलग्न है।

## THE RAJASTHAN URBAN CO – OP. BANKS FEDERATION LIMITED

### Statistical information of UCBs (As on 31.03.2023)

*(Rs. In Lacs)*

| S. No. | Name of Banks | No. of Bran-ches | Member ship (No.) | Share Capital | Deposit | Loan out-standing | Working capital | Net Profit after Tax and provisions |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 11 | 15 |
| 1 | Balotra Urban Co-op Bank | 7 | 11103 | 631.50 | 16434.73 | 11047.92 | 19257.66 | 207.93 |
| 2 | Baran Nagrik Sahakari Bank Ltd. | 8 | 29110 | 1329.81 | 43938.42 | 30054.76 | 50587.04 | 500.72 |
| 3 | Beawar Urban Co-op Bank | 2 | 6904 | 201.49 | 6424.01 | 3669.63 | 8002.09 | 47.22 |
| 4 | Bharatpur Urban Co-op Bank | 2 | 3941 | 43.80 | 5281.26 | 1118.23 | 6111.17 | 6.27 |
| 5 | Bhilwara Urban Co-op Bank | 6 | 16449 | 936.07 | 15929.34 | 7448.30 | 20175.39 | 75.96 |
| 6 | Bundi Urban Co-op Bank | 1 | 9215 | 279.65 | 8758.67 | 4819.12 | 11315.84 | 210.51 |
| 7 | Chittorgarh Urban Co-op Bank | 6 | 2821 | 384.27 | 14042.56 | 6590.10 | 15628.65 | 69.09 |
| 8 | Churu Zila Urban Co-op Bank | 2 | 5723 | 137.00 | 5275.00 | 2606.00 | 5962.57 | 25.63 |
| 9 | Dausa Urban Co-op Bank | 2 | 8075 | 303.00 | 12315.00 | 5636.00 | 13977.00 | 179.00 |
| 10 | Dholpur Urban Coop. Bank | 2 | 3617 | 145.61 | 5070.15 | 2185.84 | 5704.06 | 16.34 |
| 11 | Integral Urban Coop. Bank | 9 | 5731 | 385.93 | 21423.07 | 5834.39 | 25999.69 | 21.86 |
| 12 | Jalore Nagrik Sahakari Bank | 13 | 17495 | 1279.55 | 32506.49 | 19499.77 | 40608.04 | 532.70 |
| 13 | Jhalawar Nagrik Sahakari Bank | 1 | 3522 | 188.42 | 7312.23 | 2970.86 | 10690.10 | 214.54 |
| 14 | Jodhpur Nagrik Sahakari Bank | 10 | 43882 | 635.99 | 37310.35 | 11541.23 | 40365.21 | 121.75 |
| 15 | Kota Mahila Nagrik Sahakari Bank | 2 | 15781 | 238.83 | 6393.61 | 1842.20 | 7781.08 | 28.08 |
| 16 | Kota Nagrik Sahakari Bank | 10 | 61575 | 1611.30 | 90604.39 | 46497.54 | 109767.87 | 352.38 |
| 17 | Malviya Urban Coop. Bank | 7 | 5201 | 411.30 | 19150.50 | 11363.60 | 21294.57 | 65.41 |
| 18 | Nagaur Urban Coop. Bank | 2 | 12506 | 268.25 | 8288.20 | 5769.74 | 9721.59 | 73.75 |
| 19 | Pali Urban Coop. Bank | 10 | 12763 | 596.04 | 26204.40 | 16020.15 | 29195.91 | 141.83 |
| 20 | Railway Employees, Jaipur | 5 | 24044 | 5888.89 | 87839.31 | 70444.02 | 108907.00 | 1734.06 |
| 21 | Rajlaxmi Mahila Ur Coop. Bank | 1 | 4776 | 296.65 | 4763.81 | 2347.14 | 5141.42 | 34.66 |
| 22 | Rajputana Mahila Ur Co-op Bank | 1 | 8299 | 197.70 | 5245.27 | 2139.47 | 6649.58 | 21.70 |
| 23 | Rajsamand Urban Coop. Bank | 8 | 5607 | 423.12 | 19106.22 | 7177.25 | 24265.68 | 140.42 |
| 24 | Sawaimadhopur Urban Coop. Bank | 1 | 4548 | 83.69 | 3907.18 | 2260.99 | 4285.21 | 24.66 |
| 25 | Sikar Urban Co-op Bank | 2 | 4804 | 166.88 | 4439.43 | 1395.89 | 5335.59 | 233.42 |
| 26 | Sumerpur Mercantile Ur Co-op Bank | 5 | 7813 | 415.02 | 4003.02 | 6395.13 | 12124.91 | -2863.87 |
| 27 | The Raj. Urban Co-op Bank, Jaipur | 2 | 7875 | 646.91 | 2495.14 | 895.16 | 2875.83 | 30.30 |
| 28 | The Sterling Urban Co-op Bank | 6 | 5447 | 727.73 | 7160.74 | 2181.73 | 8999.01 | -36.29 |
| 29 | Udaipur Mahila Sam. Ur Coop Bank | 7 | 4671 | 392.27 | 14305.81 | 5089.96 | 16111.71 | 54.80 |
| 30 | Udaipur Mahila Urban Co-op Bank | 7 | 4859 | 179.98 | 29357.69 | 10056.76 | 31303.17 | 139.50 |
| 31 | Udaipur Urban Co-op Bank | 13 | 6854 | 342.84 | 78164.63 | 31307.01 | 94038.87 | 862.02 |
| | **TOTAL** | **160** | **365011** | **19769.49** | **643450.63** | **338205.89** | **772183.51** | **3266.35** |
| | **Multi-State Banks** | | | | | | | |
| 32 | Adarsh Co-op Bank | 46 | 75827 | 3470.62 | 88788.82 | 57099.18 | 110555.18 | 279.47 |
| 33 | Fingrwoth Co-operative Bank Ltd | 22 | 7213 | 547.72 | 48134.12 | 26194.55 | 59683.75 | 562.14 |
| 34 | Railway Shramik Sah Bank, Bikaner | 1 | 5303 | 727.14 | 9733.78 | 6919.71 | 12143.22 | 60.31 |
| 35 | The Railway Employees, Jodhpur | 1 | 3960 | 2840.30 | 28865.66 | 22515.72 | 36126.10 | 282.78 |
| | **TOTAL** | **70** | **92303** | **7585.78** | **175522.38** | **112729.16** | **218508.25** | **1184.70** |
| | **Grand TOTAL** | **230** | **457314** | **27355.27** | **818973.01** | **450935.05** | **990691.76** | **4451.05** |